हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 16 मई 2026

04 पार्वती-नर्मदा लिंक सिंचाई परियोजना से वंचित...



07 प्रशासन नतमस्तक, माफिया मस्त ! पार्वती में...





**खबर संक्षेप**

### आज शनि जन्मोत्सव पर किया जाएगा भंडारे का आयोजन




**सीहोर।** इस साल भी शहर के सिद्धपीठ स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में स्थित शनि महाराज शनि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को धार्मिक आयोजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे भगवान शनिदेव का अभिषेक, सुबह 11 बजे हवन, शाम 6 बजे बजे महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मंदिर के संत माधवदास महाराज ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन में शनि जयंती के महत्व और शनिदेव की पूजा-अर्चना के धार्मिक लाभों पर भी प्रकाश डाला जाएगा। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को न्याय के देवता भगवान शनि देव के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। साल 2026 में यह शनिवार को पड़ रही है।


### वन माफियाओं के हौसले बुलंद, जमकर हो रही सागौन की तस्करी

## वनरक्षक से मारपीट, शराब के पैसे न देने पर सुरक्षा श्रमिक को पीटा

### डोगलापानी बीट में 4 दिन में दो वारदातें, आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





गोपालपुर थाना क्षेत्र की डोगलापानी बीट में वन माफियाओं के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि वे अब वनों की रक्षा करने वाले वनरक्षक और सुरक्षा श्रमिकों पर ही हमला कर रहे हैं। 8 और 12 मई को दो अलग-अलग घटनाओं में आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है।

#### केस-1: अवैध सागौन रोकने पर वनरक्षक पर हमला

12 मई की रात करीब 10 बजे रेंज लाडकुई की डोगलापानी बीट में पदस्थ वनरक्षक संतोष वर्मा (32) अपने साथी सुरक्षा श्रमिक दीपक वर्मा के साथ गश्त पर थे। इस दौरान एचएफ डीलक्स बाइक से सागौन की सिल्लियां ले जा रहे दो लोगों को रोका गया।

पूछताछ में पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान मायाराम पिता रामदीन हरियाले, निवासी डोगलापानी के रूप में हुई। आरोप है कि मायाराम और उसके साथी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने वनरक्षक से झूमाझटकी की और सड़क पर पड़े डंडे से हमला कर दिया, जिससे संतोष वर्मा के दाहिने हाथ में चोट आई। आरोपी भागते समय धमकी दे गए कि दोबारा लकड़ी रोकी तो जान से मार देंगे। गोपालपुर पुलिस ने मायाराम हरियाले और उसके साथी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट, गाली-गलौज और आपराधिक धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया है।

#### केस-2: शराब के पैसे न देने पर सुरक्षा श्रमिकों से मारपीट

8 मई को खजूरपानी बीट में तैनात वन सुरक्षा श्रमिक देवीसिंह बारेला अपने साथी कन्हैयालाल उर्फ गोलू जाट के साथ गश्त पर थे। ग्राम डोगलापानी में किराना दुकान के पास अनार सिंह और नाजू बारेला ने उनकी बाइक रोक ली।

आरोपी अनार सिंह ने शराब पीने के लिए 500 रुपये मांगे। देवीसिंह ने मजदूरी का हवाला देकर इनकार किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर थप्पड़ों से पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आए गोलू जाट से भी मारपीट की और कॉलर पकड़कर कपड़े फाड़ दिए।

आरोपी धमकी देकर भागे कि पैसे नहीं दिए तो जान से खत्म कर देंगे। पीड़ितों ने वन विभाग के नाकेदार और उच्च अधिकारियों को सूचना देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

#### वन विभाग में रोष

लगातार हो रही घटनाओं से वन विभाग के कर्मचारियों में रोष है। अवैध उत्खनन और वन संपदा की चोरी रोकने वाले कर्मियों पर हमले सरकार और प्रशासन के लिए चुनौती बन गए हैं। अब देखना है कि शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों पर प्रशासन कितनी सख्त कार्रवाई करता है।

## कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने शिव चतुर्दशी की विशेष पूजा-अर्चना



**सीहोर।** भगवान शिव विश्वास के स्वरूप हैं। व्यक्ति जब तक किसी भी कार्य में विश्वास नहीं करता तब तक वह कार्य पूरा नहीं होता। उसे शिव समान विश्वास की जरूरत होती है। शिव पर विश्वास रखने वाला कभी पीछे नहीं रहता। कुबेरेश्वरधाम के कंकर-कंकर में शंकर है, इसी विश्वास के साथ यहां पर श्रद्धालुगण आते है और उनका विश्वास और उनकी मनोकामनाएं बाबा पूरी करता है।

उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने यहां पर शाम को बाबा की आरती के दौरान कहे। इस मौके पर शुक्रवार की सुबह से हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं ने शिव चतुर्दशी के पावन अवसर पर भजन-कीर्तन किए और यहां पर मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, राम-सीता और भगवान कृष्ण और राधा के दर्शन किए। कुबेरेश्वधाम पर मुरली मनोहर मंदिर में शाम को संध्या आरती का आयोजन के अलावा बाबा की आरती की गई थी। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यहां पर विठलेश सेवा समिति के द्वारा आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क रूप से रुद्राक्ष और भोजन प्रसादी की व्यवस्था पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला आदि ने की।

पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि सत्यम, शिवम, सुंदरम की व्याख्या करते हुए कहा कि व्यक्ति का बचपन यदि सत्य से बीतेगा तो जवानी शिवम से होते हुए बुढ़ापा सुंदरम बन जाएगा। हर व्यक्ति को ईश्वर से प्रेम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार करेंगे तो हमारा भविष्य अंधकारमय होगा। भगवान शिव वह परम तत्व है जो जीव को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है, जो अंदर की आंखों से उसे एक बार देख लेता है वह इनका हो जाता है। शिव विश्वास के स्वरूप हैं।

## भड़काऊ बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

### प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री को अप शब्द कहने वाले को करो गिरफ्तार




**सीहोर।** राजधानी में सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने और प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सहित राष्ट्रवादी संगठनों के विरूध भड़काऊ आपत्तिजनक बयानबाजी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाही करने की मांग की गई है। अंतराष्ट्रीय विश्व हिन्दु परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व डिप्टी कलेक्टर अरविंद परमार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन दिया है।

जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि भोपाल में तथाकथित लव जिहादी को बजरंग दल के कार्यकर्ताओ द्वारा हिन्दू युवती के साथ होटल से पकड़ा कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था। लव जिहादी आरोपी के बचाव में एआईएमआई प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान ने प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के विरूध मुदाबार्द के नारें लगाए और बजरंग दल आरएसएस जैसे संगठनों पर गलत टिप्पणी की। जिसकी बीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल हो रही है।

जिस कारण सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे को गंभीर क्षति पहुंचने की आशंका उत्पन्न हो गई है। स्वार्थ एवं राजनीतिक लाभ के लिए आम जनता को बहाका कर प्रदेश और शहर का शांतिपूर्ण वातावरण बिगाइने एवं कानून व्यवस्या को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदर्शन में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत सचिव प्रकाश परमार, जिला उपाध्याय हिरदेश नवीन राठौर, व्यापार परिषद जिला अध्यक्ष राजेश मेवाड़ा, जिला महामंत्री मदन राजपूत, रामकृष्ण शर्मा, अरुण राठौर, रामभरोस जाट, नवीन राठौर, नानू मालवीय, अजय राठौर, राहुल राठौर, दिनेश नायक, प्रकाश, अजय सिंह, नारायण मेवाड़ा, शशिकांत वर्मा, संस्कार राठौर, विनय पालीवाल, नरेश तिवारी बड़ी सांख्य में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रमुख पेंशन एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक कल

**सीहोर।** प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के सीहोर जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर ने बताया कि जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक 17 मई दिन रविवार को स्थानीय संजय टाकिज के पीछे पं.राममूति शर्मा के निवास पर दिन के 12 बजे आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी इन्दौर एवं उप प्रांत अध्यक्ष एल.एन.कैलाशिया भोपाल उपस्थित रहेगें। बैठक में पेंशनरों से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेत रणनीति तैयार की जावेगी। समस्त पेंशनरों से अपील की गई है कि अधिक अधिक संख्या उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से सम्बंधित आवेदन भी साथ लेकर आवें। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से श्री के.एल.बैरागी, डॉ.साधुराम शर्मा, पं.राममूर्ति शर्मा, हरिओम शर्मा दाऊ, सुन्दरलाल राठौर आदि शामिल हैं।

### मां-बेटे के कब्जे से 8 किलो गांजा जब्त, एनडीपीएस एक्ट में दोनों गिरफ्तार, नेटवर्क के बारे में पुलिस कर रही पूछताछ



**सीहोर।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शाहगंज थाना क्षेत्र से 8 किलो 459 ग्राम गांजा जब्त किया है। गुरुवार को मामले में एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब गांजे की सप्लाई चेन और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है।

#### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दी दबिश

यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में और शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदिरा कॉलोनी निवासी किरण कुचबंदिया अवैध रूप से गांजा बेचने का काम कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में दबिश दी। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान किरण कुचबंदिया के कब्जे से कुल 8 किलो 459 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी महिला को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

#### बेटे को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार

मामले में पुलिस ने किरण कुचबंदिया के बेटे अजय कुचबंदिया को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गांजा कहां से लाया जा रहा था और इसकी सप्लाई किन-किन क्षेत्रों में की जा रही थी। मामले में आगे की जांच जारी है।

## सीएमएचओ ने किया टीकाकरण शिविरों का निरीक्षण



**सीहोर।** सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने ग्राम मोगराराम एवं गुड़भेला में आयोजित टीकाकरण शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बच्चों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। टीकाकरण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने टीकाकरण रजिस्टर के साथ ही वैक्सीन उपलब्धता की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमएचओ के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारियों ने अलग-अलग केंद्रो पर जाकर शिविरों का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

## रेहटी के पास हादसा, भोपाल के दंपती की मौत:अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मारी, वाहन चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



जिले के रेहटी थाना क्षेत्र में देलावाड़ी मार्ग पर आज दोपहर एक सड़क हादसे में भोपाल के एक दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी स्कूटी को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी।

मृतकों की पहचान भोपाल के भारतीय निकेतन निवासी आशुतोष दीक्षित और उनकी पत्नी ज्योति ठाकुर के रूप में हुई है। यह हादसा देलावाड़ी के समीप हुआ। बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आशुतोष दीक्षित अपनी पत्नी ज्योति ठाकुर के साथ स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

#### टक्कर मारने के बाद चालक फरार

सूचना मिलते ही रेहटी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस टक्कर मारकर फरार हुए अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस आसपास के ढाबों और चेकपोस्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा सके। दुर्घटना के बाद मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस ने यातायात सुचारू कराकर सामान्य किया।

### कलेक्ट्रेट में राठौर समाज ने किया प्रदर्शन, बोले- मौत नहीं हत्या है

## मां गायत्री अस्पताल का लायसेंस निरस्त कर डॉक्टर परमार पर एफआईआर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्ट्रेट में राठौर क्षत्रीय समाज आक्रोशित दिखाई दिया। घटना के विरोध में लोगों ने बाइक रैली निकाली। समाजजनों ने डिप्टी कलेक्टर जमील खान को पूरी घटना बताई। चाय पीने से मयूरी की मृत्यु की बात को गलत बताया। समाज ने प्रसूता मयूरी राठौर की मौत को गंभीर घटना बताया। जिम्मेदार डॉक्टर सुजाता परमार को ठहराया। माँ गायत्री हॉस्पिटल का लायसेंस रदद करने की मांग उठाई। डॉक्टर पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की मांग भी दोहराई।

बग्गी खाना छावनी के अनिल राठौर की धर्मपत्नि मयूरी राठौर को गर्भास्थिा के चलते प्रसव पीडा होने पर 10 मई को रात 10 बजे मॉ गायत्री हॉस्पिटल इछावर रोड़ में संचालिका डॉ. सुजाता परमार के सुझाव पर परिजनों ने भर्ती कराया गया था। डॉ. सुजाता परमार के सुझाव पर 11 बजे सीजर ऑपरेशन किया गया है। सीजर होने के पश्चात मयूरी राठौर ने एक पुत्र को जन्म दिया। मयूरी और उनका पुत्र पूर्ण रूप से स्वस्थ था। दूसरे दिन 11 मई को सुबह10 बजे तक स्वास्थ्य अच्छा था और जब मयूरी राठौर को इंजेक्शन लगाया तो कुछ समय के पश्चात उनके मुहँ से झाग जैसा द्रव्य निकलने लगा।

डॉ. सुजाता परमार को बुलाया और डॉ. सुजाता परमार हॉस्पिटल के स्टाप के कर्मचारी के साथ प्रसूता मयूरी को आई.सी.यू. में ले गई 15 मिनिट बाद अनिल से कहा की आपकी पत्नि अब नही रही है उनकी मृत्यु हो गई है इस प्रकार माँ गायत्री हॉस्पिटल की संचालिका के द्वारा मयूरी राठौर की गलत इंजेक्शन देने पर उनकी मृत्यु हुई है। इसके साथ ही अनिल राठौर द्वारा मृत्यु का कारण पूछे जाने पर एक जिम्मेदार डॉक्टर ने कहा कि मृत्यु चाय पीने मृत्यु हुई है।

प्रदर्शन में समाजसेवी सतीष राठौर, राठौर समाज अध्यक्ष रामचन्दर राठौर, जितेंद्र राठौर, विवेक राठौर, अखिलेश पहलवान,सन्नी सरदार सहित बड़ी संख्या में राठौर समाजजन और मृतिका मयूरी के परिजन मौजूद रहे।

## नाबालिग भांजी से दुष्कर्म के दोषी चचेरे मामा को आजीवन कारावास, कोर्ट ने लगाया 1 हजार का जुर्माना

### पीड़िता को मिलेगा 1 लाख रुपए प्रतिकर, 25 मार्च और 23 मई 2024 की थी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की विशेष अदालत ने नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म के आरोपी चचेरे मामा को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1000 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। कोर्ट ने पीड़िता को 1 लाख रुपये प्रतिकर देने का आदेश भी दिया है।

अभियोजन के अनुसार, पीड़िता ने 25 मई 2024 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 25 मार्च 2024 को पीड़िता की मां अपने भाई यानी पीड़िता के मामा के साथ जिला शाजापुर गई थी। मामा ने मां को गांव छोड़कर पीड़िता के घर आकर उसे पानी लाने के बहाने अंदर बुलाया और दरवाजा बंद कर जबरन दुष्कर्म किया।इसके बाद 23 मई 2024 को आरोपी मामा फिर घर आया। उस समय पीड़िता के माता-पिता अंदर सो रहे थे। आरोपी ने फिर दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता के चिल्लाने पर माता-पिता के आने के डर से आरोपी मोबाइल छोड़कर भाग गया। पुलिस ने जांच के बाद अभियोग पत्र कोर्ट में पेश किया। अभियोजन के तर्कों, दस्तावेजी और परिस्थितिजन्य साक्ष्य से सहमत होते हुए कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(एन)/6 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 1000 रुपये जुर्माने की सजा दी। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने की। पैरवी में सहयोग रानी जैन द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप



### एनीमिया मुक्त भारत विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग, भोपाल एम्स और एनएचएम द्वारा ₹एनीमिया मुक्त भारत₹ विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर इस दौरान प्रोफेसर पंकज, डॉ. दीप्ती डाबर, सुश्री अनुषा ऐवेनेजर और डॉ. पूर्वा मदानी द्वारा सीहोर जिले में एनीमिया पर किये गये अध्ययन एवं उसके प्राप्त परिणामों की व्याख्या की गई। डिप्टी डायरेक्टर डा. हीमानी यादव ने एनीमिया मुक्त भारत पर प्रकाश डाला और सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने सुझाव दिए। इस अध्ययन का उद्देश्य लोगो को एनीमिया के प्रति जागरूक करना एवं एनीमिया से होने वाले नुकसान से अवगत कराकर उपचार उपलब्ध कराना था।

### शिविर लगाकर की गई हेपेटाइटिस, एचआईवी तथा सिफलिस की जांच



**सीहोर।** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 61 व्यक्तियों की हेपेटाइटिस बी एवं सी, एचआईवी तथा सिफलिस की जांच की गई। शिविर में डॉ रुचिरा उइके, पीयर सपोर्टर, आईसीटीसी काउंसलर, लैब तकनीशियन, परियोजना प्रबंधक उपस्थित थे।

### मालवा में अतिरिक्त कोच बढ़ाने की मांग



**सीहोर।** बाबा अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी सीहोर के सदस्यों ने पश्चिम रेलवे डीआरएम रतलाम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मालवा एक्सप्रेस में यात्रियों की लंबी वेटिंग लिस्ट का हवाला देते हुए अतिरिक्त कोच लगाए जाने की मांग की गई। मंडल के सदस्य रामभरोस यादव ने बताया कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होते हैं, लेकिन ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मालवा एक्सप्रेस में लगातार लंबी वेटिंग रहने के कारण कई श्रद्धालुओं को यात्रा करने में कठिनाई हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि यात्रा अवधि के दौरान मालवा एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके। इस दौरान मंडल के कई सदस्य बडी संख्या में मौजूद रहे।

### जिम्मेदरों की मनमानी और लापरवाही से तहसील क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में शुरू नहीं हुआ जनगणना 2027 का सर्वे

# पार्वती-नर्मदा लिंक सिंचाई परियोजना से वंचित दर्जनभर गांव के लोगों ने किया विरोध-प्रदर्शन

भारत सरकार द्वारा प्रदेशभर में 16 अप्रैल से जनगणना 2027 का सर्वे युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। प्रथम चरण में मकान , दुकान और भवनों की गिनती कराई जाएगी। जिसमें प्रगणक द्वारा स्मार्टफोन आधारित मोबाइल एप के जरिए डोर टू डोर जाकर जानकारी दर्ज करना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

अपनी मांग को लेकर पिछले कई दिनों से शासन की योजनाओं का बहिष्कार कर रहे क्षेत्र के दर्जनभर गांवों के लोगों को मनाने के लिए शुक्रवार को एक बार फिर जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार गजेन्द्र सिंह लोधी दौलतपुर और दुदलई गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि पहले जनगणना 2027 का 25 प्रतिशत सर्वे कराएं इसके बाद आपकी मांग के संबंध में कलेक्टर और नर्मदा विकास सम्भाग के अधिकारियों से बात की जाएगी। हालांकि ग्रामीण पहले अपनी मांग पूरी करने की बात पर अड़े हुए हैं। दरअसल क्षेत्रवासियों का कहना है कि वह अपनी मांग के संबंध में पिछले पांच वर्षों में कई बार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और नेता, मंत्रियों को अवगत करा चुके है, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र के दर्जनभर गांवों के लोग पिछले पांच वर्षों से पार्वती - नर्मदा लिंक सिंचाई परियोजना में गांवों को शामिल करने की मांग को लेकर जद्दोजहद कर रहे हैं। लेकिन शासन, प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहें हैं। ऐसे में पिछले कुछ महीनों से ग्रामीण शासन की योजनाओं का बहिष्कार कर रहे है। यही कारण है कि प्रदेश में 16 अप्रैल से युद्ध स्तर पर शुरू हुआ जनगणना 2027 का सर्वे उक्त गांवों में शुरू ही नहीं हो पाया है।



**इछावर।** गांव में 25 प्रतिशत जनगणना कार्य करने के लिए चर्चा करते हुए



**इछावर।** गांव दुदलाई में जनगणना कार्य का बहिष्कार करते हुए ग्रामीणजन

#### यह गांव है योजना से वंचित

तहसील क्षेत्र के लालियाखेड़ी , कुंडीखाल, रूघनाथपुरा, गादिया, रूपादेह, बोरदीखुर्द, बावड़ियां गोसाईं, रूपदी, दुदलई , दौलतपुर, हरसपुर आदि गांवों को योजना में शामिल नहीं किया गया है। इससे इन गांवों का करीब 3465 हैक्टेयर क्षेत्र सिंचाई योजना से वंचित हो गया है।

भारत सरकार द्वारा प्रदेशभर में 16 अप्रैल से जनगणना 2027 का सर्वे युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। प्रथम चरण में मकान , दुकान और भवनों की गिनती कराई जाएगी। जिसमें प्रगणक द्वारा स्मार्टफोन आधारित मोबाइल एप के जरिए डोर टू डोर जाकर जानकारी दर्ज करना है। इसकी डेड लाइन 30 मई है। लेकिन एक महीने गुजरने के बाद भी इन गांवों में ना तो मकानों का सूचीकरण हो पाया है और न ही सर्वे का कार्य। हालांकि इस दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह क्षेत्र से गुजरने वाली पार्वती - नर्मदा लिंक सिंचाई योजना में छूटे 11 गांवों को शामिल करने की मांग पर अड़े हुए हैं।

#### किसान बोले

गांव दुदलई के सुआ लाल जाट का कहना है कि परियोजना में छूटे गांवों की भूमि असिंचित है। यहां के लोगों की जीविकोपार्जन का मुख्य स्रोत खेती एवं पशुपालन है। लेकिन सिंचाई योजना से वंचित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उक्त परियोजना के तहत इछावर तहसील में सिंचाई के लिए लाइन डालने की शुरुआत भी इन्हीं गांवों के बीच से की गई है। लेकिन इसके बावजूद इन गांवों को छोड़ दिया गया है।

#### गादिया पंचायत के सरपंच एवं भाजपा नेता बाबूलाल पटेल ने दी जानकारी

नर्मदा लिंक परियोजना से जिले के एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन हमारे क्षेत्र के इन 11 गांव जोकि राजस्व में होने के साथ ही असिंचित है , लेकिन इनको योजना से वंचित किया जाना दुर्भावनावश किया जाना प्रतीत हो रहा है। लोगों का कहना है उक्त गांवों को योजना में शामिल कराने की मांग को लेकर कई बार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही क्षेत्रीय विधायक व राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा , जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट , पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आदि को ज्ञापन सौंपे जा चुके है , लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि अभी तो वह विरोध में सरकार की योजनाओं का बहिष्कार कर रहे है, लेकिन यदि जल्दी ही मांग पूरी नहीं हुई तो उन्हे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

#### ग्रामीणों ने दी सहमति

ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें समझाया गया कि वह पहले जनगणना कराएं। मांग को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। इस पर उन्होंने 25 प्रतिशत सर्वे कराने पर सहमति दे दी है। बाकी कुछ गांवों में पहले से सर्वे चल रहा है।

**गजेंद्र सिंह लोधी,** जनगणना चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार

## चुनाव खत्म और महंगाई की मार शुरू : विक्रम मस्ताल

### बढ़ी कीमतों, अन्नदाताओं की परेशानियों और युवाओं के भविष्य को लेकर कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार को घेरा



**भैरूंदा।** बुधनी विधानसभा सहित पूरे प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, किसानों की दुर्दशा और युवाओं के भविष्य को लेकर कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया गया है और अब लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं।

मस्ताल ने कहा कि डीजल-पेट्रोल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, रसोई गैस महंगी हो चुकी है और सब्जियों के दाम आम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। इसके साथ ही निजी स्कूलों की फीस में बढ़ोतरी ने मध्यम और गरीब वर्ग की कमर तोड़ दी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार जनता को पेट्रोल की बचत और सोना न खरीदने की सलाह दे रही है, जबकि भाजपा नेताओं के लंबे-लंबे काफिले सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के विदेश दौरों और बड़े आयोजनों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर सरकार आम जनता को मितव्ययिता का पाठ पढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर बड़े स्तर पर खर्च किए जा रहे संसाधन कथनी और करनी के अंतर को उजागर करते हैं। किसानों की समस्याओं पर बात करते हुए मस्ताल ने बुधनी क्षेत्र की तुलाई व्यवस्था को अव्यवस्थित बताते हुए कहा कि भीषण गर्मी में 45 से 47 डिग्री तापमान के बीच किसान अपनी उपज लेकर घंटों कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, जबकि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए हर सुविधा तुरंत उपलब्ध हो जाती है।

उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को "किसान पुत्र" बताते हैं, उनके ही क्षेत्र में किसान अपमान और अव्यवस्था झेलने को मजबूर हैं। किसानों से उनकी उपज कम कीमतों में खरीदी जाती है और वही वस्तुएं बाजार में ऊंचे दामों पर बेची जाती हैं, जो किसानों और आम जनता दोनों के साथ अन्याय है।

युवाओं के मुद्दे पर मस्ताल ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था भी गंभीर संकट से गुजर रही है। उन्होंने हालिया परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब महत्वपूर्ण परीक्षाओं की गोपनीयता ही सुरक्षित नहीं रह पा रही है, तो युवाओं का भविष्य कैसे सुरक्षित रहेगा।

## केमिस्ट 20 को हड़ताल पर, मेडिकल भी बंद रहेंगे, कलेक्टर से मिला ऑल इंडिया केमिस्ट्स एसोसिएशन

### नकली दवाइयों के कुप्रभाव से जनता को बचाने ऑनलाईन दवा ब्रिक्री का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के केमिस्ट हड़ताल पर रहेंगे। सभी मेडिकल स्टोर 20 मई को बंद रहेंगे। एसोसिएशन ने नकली दवाइयों का विरोध किया। ऑनलाईन दवा ब्रिक्री पर भी आक्रोश जताया। कॉरपोरेट्स द्वारा दिए जा रहे डिस्कॉउंट को भी गलत बताया। केमिस्ट्स एसोसिएशन ने प्रशासन को अल्टीमेटम दे दिया। शुक्रवार को दवा विक्रेता संघ जिलाध्यक्ष उमेश शर्मा सचिव नरेश वर्मा के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर जमील खान को कलेक्टर के नाम का लेटर दिया।

दवा विक्रेता संघ नगर अध्यक्ष परमवीर सिंह सिंधु जिला उपाध्यक्ष महेंद वर्मा ने बताया कि लम्बे समय से ऑल इंडिया केमिस्ट्स एसोसिएशन के द्वारा सरकार से देश हित में ऑनलाईन दवा की ब्रिक्री बंद करने की मांग कर रहा है क्योंकि ऑनलाईन प्लेट फार्म पर बिना जांच के बेची जा रही है यह दवाईयां लोगों के जीवन के लिए घातक है।



विदेशी कॉरपोरेट्स द्वारा भारी डिस्कॉउंट दवाईयों पर दिया जा रहा है इस से छोटे केमिस्टों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। नकली दवाइयों से देश की जनता को नुकसान हो रहा है नकली दवाओं के कारण मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलबाड़ हो रहा है। इन सब मांगों को लेकर आगामी 20 मई बुधवार को जिले भर के केमिस्ट अपने मेडिकल स्टोर बंद रखकर हड़ताल करेंगे। कलेक्ट्रेट पहुंचे केमिस्ट अनिल शर्मा, पंडित सुनील शर्मा, विरेंद्र भदोरिया, गोविंद झंवर, पवन मंडलोई,सुशील उपाध्याय, खुजेमा बुरहानी, आकाश यादव, अंतर परमार, विनोद जैन, कृपाल सिंह, कपिल शर्मा, अतुल श्रीवास्तव, सचिन वर्मा सहित बड़ी संख्या में केमिस्ट मौजूद रहे।

### दादा गुरु ने कहा नर्मदा मां स्वच्छ रहे यही संकल्प



**सीहोर।** जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर से अधिक दूरी पर ग्राम बरखेड़ा-सागौनी में करीब दो एकड़ से अधिक बने भानु प्रभा आश्रम में पहुंचे नर्मदा परिक्रमा कर रहे अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरु ने यहां पर सभा के दौरान कहाकि मां नर्मदा स्वच्छ रहे यहीं हमारा संकल्प है। इस मौके पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए 108 संत पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने कहाकि मां नर्मदा की महिला निराली है। मां नर्मदा ऋषि, मुनियों की तपस्या स्थली है। मां नर्मदा में सभी तीर्थों का फल है। यह नर्मदा का तेजोबल है कि यहां पर तप, जप करने से सिद्धि की प्राप्ति होती है। साकार और निराकार के बीच मां नर्मदा निराकार अवतार हैं। उन्होंने कहाकि पिछले कई वर्षों से मात्र नर्मदा जल पर आश्रित गुरुदेव का निराहार महाव्रत एक रहस्य बनता जा रहा है। देश दुनिया के वे एकमात्र ऐसे संत हैं जिन्होंने प्रकृति, धरा, धेनु, जीवनदायिनी पवित्र नदियों के साथ मां नर्मदा पर ही अपना सब कुछ केंद्रित कर दिया है। नर्मदा मिशन के माध्यम से मां नर्मदा की स्वच्छता पवित्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने और नर्मदा के तटीय इलाकों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार चार वर्षों से निराहार महाव्रत साधना कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहाकि जिनके आश्रम में यह कार्यक्रम हो रहा है डॉ. रामसेवक भट्ट गुरु जी भी किसी पहचान के मोहताज नहीं है, इन्होंने दो एकड़ से अधिक जंगल में आश्रम बनाकर साधना की है।

## प्रारंभिक अध्ययन में सामने आए जल संरक्षण के महत्वपूर्ण संकेत



**भैरूंदा।** जल संकट को लेकर देशभर में बढ़ती चिंता के बीच भैरूंदा के सांदीपनि विद्यालय के ईको क्लब द्वारा तैयार एक प्रारंभिक अध्ययन रिपोर्ट ने क्षेत्र में जल संरक्षण और प्रबंधन की नई संभावनाओं की ओर संकेत किया है। "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत तैयार इस रिपोर्ट में स्थानीय जल स्थिति, उपयोग की प्रवृत्तियों और संरक्षण के संभावित उपायों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह रिपोर्ट किसी आधिकारिक वैज्ञानिक सर्वेक्षण या अंतिम निष्कर्ष का दावा नहीं करती, बल्कि उपलब्ध सार्वजनिक आंकड़ों, सरकारी संदर्भों, सामान्य तकनीकी अध्ययनों और स्थानीय अवलोकनों के आधार पर तैयार एक प्रारंभिक विश्लेषण है। इसका उद्देश्य समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और भविष्य में विस्तृत शोध की आवश्यकता को रेखांकित करना है।

**जल उपलब्धता के सकारात्मक संकेत :** रिपोर्ट के अनुसार भैरूंदा क्षेत्र नर्मदा बेसिन से प्रभावित होने के कारण जल संसाधनों की दृष्टि से संभावनाशील माना जा सकता है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के आंकड़ों और क्षेत्रीय वर्षा प्रवृत्तियों के आधार पर यहां औसत वार्षिक वर्षा 1000 से 1150 मिमी के बीच रहने का अनुमान है। अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि यदि वर्षा जल संचयन, खेत-मेड़ बंदी, तालाबों का पुनर्जीवन और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को व्यापक स्तर पर अपनाया जाए, तो भूजल पुनर्भरण और जल संतुलन में सुधार संभव है।

### घरेलू जल के उपयोग पर भी फोकस

रिपोर्ट में दैनिक जीवन में जल उपयोग के कुछ महत्वपूर्ण संकेत दिए गए हैं। इसके अनुसार गर्मी के मौसम में एक सामान्य डेजर्ट कूलर 12 घंटे में 200 से 300 लीटर पानी उपयोग कर सकता है। शॉवर से स्नान के दौरान प्रति मिनट 10 से 15 लीटर पानी खर्च होता है, जबकि वाशिंग मशीन के एक चक्र में 60 से 100 लीटर तक पानी उपयोग होने का अनुमान है। एक फ्लश में 6 से 10 लीटर पानी खर्च होता है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि ये आंकड़े सामान्य तकनीकी आधार पर हैं और वास्तविक उपयोग के अनुसार इनमें बदलाव संभव है।


### विद्युत वितरण केन्द्रवार बनाए गए कलस्टरों में लगा रही शिविर, लोगों को मिला समाधान

# बिजली कंपनी ने शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। महाप्रबंधक पूनम तुमराम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ सीधा संवाद कर उन्हें त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। विद्युत वितरण केन्द्रवार बनाए गये कलस्टरों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में बिजली उपभोक्ताओं की बिल, मीटर, सर्विस केबल, कनेक्शन एवं तकनीकी सेवाओं संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

प्रथम कलस्टर अंतर्गत 14 मई को सीहोर के वार्ड नं. 03 स्थित जोन 01 के वितरण केन्द्र और वार्ड नं 04 स्थित जोन 02 के वितरण केंद्रों पर शिविर आयोजित किए गए। इसी प्रकार ग्राम हिनोती, ग्राम कालियाखेड़ी, ग्राम भाउखेड़ी, ग्राम कचनारिया, ग्राम आलमपुरा, ग्राम बोरदीकला, ग्राम बगजखेड़ा, ग्राम बिछनी, ग्राम सिराड़ी, ग्राम करंजखेड़ा, नापलाखेड़ी, ग्राम अर्नियासुल्तानपुर, ग्राम अब्दुल्लापुर में शिविर लगाए गए। आष्टा के घनश्यामपुरा, ग्राम जगन्नाथपुरा, ग्राम हकीमाबाद, ग्राम छायानखुर्द, ग्राम सिंगारचोरी, ग्राम कचनारिया, ग्राम सुलखेड़ी, ग्राम झिलेला, ग्राम निमावरा में भी शिविर लगाकर नागरिकों की बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया।



#### आगामी तिथियों में इन स्थानों पर लगेंगे शिविर

अभियान के अंतर्गत 16 मई को वितरण केन्द्र बागेर अंतर्गत ग्राम समरदा, वितरण केन्द्र कोठरी अंतर्गत ग्राम निपानिया में शिविर लगाया जाएगा। 18 मई को वितरण केन्द्र अमलाहा अंतर्गत ग्राम कालियाखेड़ी, वितरण केन्द्र बिजोरी अंतर्गत ग्राम जानपुरबावड़िया, वितरण केन्द्र बिलकिसगंज अंतर्गत ग्राम वीरपुर, वितरण केन्द्र इछावर अंतर्गत ग्राम सेवनिया, वितरण केन्द्र खजूरीकला अंतर्गत ग्राम सिराड़ी, वितरण केन्द्र अहमदपुर अंतर्गत ग्राम अहमदपुर, वितरण केन्द्र दिवड़िया अंतर्गत ग्राम मूण्डला, वितरण केन्द्र दोराहा अंतर्गत ग्राम तकिया, वितरण केन्द्र नापलाखेड़ी अंतर्गत ग्राम हसनाबाद, वितरण केन्द्र श्यामपुर अंतर्गत ग्राम बर्री, वितरण केन्द्र थूना अंतर्गत ग्राम दुपाड़ियाभील, वितरण केन्द्र भाउखेड़ी अंतर्गत ग्राम प्रतापुरा, वितरण केन्द्र ब्रिजिशनगर अंतर्गत ग्राम ब्रिजिशनगर, वितरण केन्द्र सीहोर शहर जोन-1 अंतर्गत वार्ड नं. 1, वार्ड नं. 2, वार्ड नं. 29, वितरण केन्द्र सीहोर शहर जोन-2 अंतर्गत वार्ड नं. 08, वितरण केन्द्र हकीमाबाद अंतर्गत ग्राम खेमपुर, वितरण केन्द्र जावर अंतर्गत ग्राम बमूलिया, वितरण केन्द्र आष्टा शहर अंतर्गत वार्ड नं. 03. वितरण केन्द्र मैना अंतर्गत ग्राम पटारियागोयल, वितरण केन्द्र मेहतवाड़ा अंतर्गत ग्राम गुराड़ियावर्मा, वितरण केन्द्र सिद्दीकगंज अंतर्गत ग्राम सिद्दीकगंज में शिविर लगाए जायेंगे।

## आर्यवीर दल का आज से प्रांतीय चरित्र निर्माण और व्यायाम प्रशिक्षण शिविर

**सीहोर।** आज देश के समक्ष चरित्र का सबसे बड़ा संकट है। व्यक्तिगत सामाजिक एवं राष्ट्रीय चरित्र के पतन से आप सभी सुपरिचित हैं। अतः देश धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए देश के नवयुवकों को संस्कारित कर उन्हें शारीरिक आध्यात्मिक और सामाजिक उन्नति से युक्त करने तथा अध्यात्म और देशभक्ति के भावों से उद्बुद्ध कर उन्हें चरित्रवान सुयोग्य नागरिक बनाने के लिए आर्य वीर दल के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते रहते हैं। इसी क्रम में आज शनिवार से सेंट मेरी आवासीय स्कूल गल्ला मंडी थाने के पास में 15 से 25 वर्ष के बालकों के लिए निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में भारत विकास परिषद सीहोर के अध्यक्ष आर्य रितेश राठौर द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त शिविर का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर के द्वारा प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। यह शिविर 16 मई से 25 मई तक आयोजित होगा। अपने पलकों से अपने बालकों को शिविर में भेजने की अपील की है।

### एक कदम सुपोषण की ओर अभियान के अंतर्गत वितरित की गईं पोषण टोकरियां

**सीहोर।** महिला बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कदम सुपोषण की ओर अभियान के अंतर्गत बुधनी सिविल अस्पताल एवं रेहटी के सीएचसी में पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार और पोषण स्तर बेहतर करने के लिए पोषण टोकरियां वितरित की गईं। इस दौरान बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## एक निरीक्षण ऐसा भी: तहसीलदार 2 किमी दूर देखते रहे वेयरहाउस

# प्रशासन नतमस्तक, माफिया मस्त! पार्वती में चली माफिया की पोकलेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/सुठालिया

क्षेत्र की जीवन दायिनी कहलाने वाली पार्वती नदी पर इन दिनों अवैध रेत माफियाओं द्वारा नदी की छाती को छलनी की जा रही है। जिनके आगे प्रषासन नतमस्तक बना हुआ है, ओर माफिया मस्त होकर सरकार के करोड़ो का चुना प्रषासनिक अधिकारियों के संरक्षण में मस्त होकर लगा रहे। दो दिन पहले जब हरिभूमि ने कानरखेड़ी,सेमलापार, लसूलडिया घाटा,अवैध उत्खनन के काले कारोबार का भंडाफोड़ किया था, तब सुठालिया तहसीलदार और ब्यावरा एसडीएम ने बड़ी तत्परता दिखाई थी। आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही विशेष टीम बनाकर माफियाओं पर शिकंजा कसा जाएगा। लेकिन धरातल पर जो नजारा दिखा, वह प्रशासन के दावों की पोल खोलने के लिए काफी है।



### साहब वेयरहाउस पर कर रहे थे निरीक्षण, 2 किमी दूर गरज रही थीं मशीनें

हैरानी की बात यह है कि बीते कल सुठालिया तहसीलदार बगवाज वेयरहाउस पर निरीक्षण कर रहे थे, जबकि वहां से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कानरखेड़ी और सेमलापर में पोकलेन मशीनें बेखौफ होकर नदी का सीना छलनी कर रही थीं। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन को इन मशीनों की गड़गड़ाहट सुनाई नहीं दी, या जानबूझकर कान बंद कर लिए गए।

### अब रात का डर खत्म, 24 घंटे चल रहा अवैध खेल

माफियाओं के हौसले अब इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें कानून का जरा भी खौफ नहीं रहा। जो उत्खनन पहले चोरी-छिपे रात के अंधेरे में होता था, वह अब कानरखेड़ी,सेमलापार, लसूलडिया में पार्वती नदी के बीचों-बीच दिन के उजाले में भी


सुठालिया में महज 18 से 25 किलोमीटर की दूरी पर नहीं थम रहा है रेत का कारोबार, प्रशासन ने साधी चुप्पी
सुठालिया तहसील बना अवैध रेत माफिया का गढ़, पार्वती नदी में अवैध रेत उत्खनन की आई 'बाढ़'

बेरोकटोक जारी है। 24 घंटे पोकलेन मशीनें चल रही हैं और रेत का अवैध परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है।

### सूत्रों का दावा, अधिकारियों के साथ साठगांठ का खेल

क्षेत्र में चर्चा आम है और सूत्र भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं कि यह धड़ल्ले वाला काम बिना ऊपरी संरक्षण के मुमकिन नहीं है। जिस तरह से अधिकारी पास में होकर भी अवैध साइट्स की तरफ नहीं मुड़ रहे, उससे विभागीय साठगांठ की बू आना लाजिमी है।

### इनका कहना है -

मैं बगवाज वेयरहाउस पर निरीक्षण करने आया था अभी एक और प्वाइंट पर जाना है। मैं अकेले क्या करूंगा पुलिस बल के साथ आना पड़ेगा। वैसे मैं अभी पुलिस को सूचना करता हू वो पहुंच जाएंगे मौके पर।

-रामनिवास धाकड़, तहसीलदार सुठालिया

### जनता के सवाल

- जब हरिभूमि पिछले 15 दिनों से लगातार खबर प्रकाशित कर रहा हैं, तो अब तक टीम गठित क्यों नहीं हुई?
- बगवाज वेयरहाउस के पास ही चल रहे अवैध उत्खनन को अनदेखा करने के पीछे क्या मजबूरी है?
- क्या पार्वती नदी के अस्तित्व को खत्म करने वाले इन माफियाओं पर कोई बड़ा हाथ है?

### निष्कर्ष

प्रशासन का सुस्त रवैया और माफियाओं की बढ़ती धमक यह बताने के लिए काफी है कि यहां कानून का राज नहीं, बल्कि साठगांठ का साम्राज्य चल रहा है। यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि प्रशासन केवल कागजों पर कार्रवाई की खानापूर्ति कर रहा है।जब बगवाज वेयरहाउस पर निरीक्षण कर रहे तहसीलदार से अवैध खनन की बात की तो वह टालम टोल करने लग गए। ऐसे में साफ स्पष्ट होता है कि अधिकारियों की मिली भगत से ही यह सब कुछ संभव हो रहा है।

## किसानों ने समय पर तुलाई नहीं होने की थी शिकायत

# बगवाज मां शक्ति वेयरहाउस पर तहसीलदार का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

तहसील अंतर्गत आने वाले मां शक्ति वेयरहाउस बगवाज पर पिछले कई दिनों से अव्यवस्थाओं के चलते किसान बेहद परेशान थे। गेहूं तुलाई में हो रही देरी और स्लॉट बुकिंग की तारीख निकल जाने के कारण किसानों की चिंता बढ़ती जा रही थी, जिसके बाद गुरुवार को तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। जहा पर मौका स्थिति देख किसानों को आ रही परेषानियों के बारे में जानकारी लेकर संस्था प्रबंधक को व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देष दिए।



### ट्रैक्टरों की लगी थी लंबी कतारें, किसान बेहाल

वेयरहाउस पर तुलाई की धीमी गति के कारण किसानों के ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लग गई थीं। कई किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि भी निकल चुकी थी, जिससे उन्हें अपनी फसल की बिक्री को लेकर डर सता रहा था। बार-बार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार धाकड़ ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने किसानों से संवाद किया और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी किसान को परेशान होने या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। कल से वेयरहाउस पर तीन अतिरिक्त कांटे (तुलाई पॉइंट) बढ़ा दिए गए ताकि काम में तेजी आए तारीख निकलने की चिंता न करें जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग की तारीख निकल गई है, उन्हें भी चिन्हित किया जाएगा। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि कोई भी किसान बिना तुलाई के वापस नहीं जाएगा, बशर्ते वे थोड़ा धैर्य बनाए रखें।

### किसानों से संयम की अपील

तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने किसानों को समझाइश देते हुए कहा, प्रशासन किसानों के साथ है। तकनीकी कारणों या भीड़ की वजह से जो देरी हुई है, उसे अतिरिक्त संसाधन बढ़ाकर दूर किया जा रहा है। आप सभी का गेहूं समय पर तोला जाएगा, बस आप थोड़ा सहयोग और सब्र रखें।

## मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का खिलचीपुर में शुभारंभ, किसानों को किया प्ररित

**ब्यावरा।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत श्रीराम समृद्ध महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा अजिविका भवन ब्यावरा कला रोड खिलचीपुर में मृदा परीक्षण मशीन लगाकर प्रयोगषाला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जहा किसानों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से मिट्टी की जांच कर सही उर्वरक एवं पोषक तत्वों की जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मशीन के माध्यम से विभिन्न मिट्टी के नमूनों का परीक्षण कर उसकी उपयोगिता का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में जोनल मैनेजर शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया, मां जलपा एफपीसी के सीईओ बनेसिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने किसानों के हित में इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मृदा परीक्षण के माध्यम से किसान अपनी भूमि की गुणवत्ता के अनुसार फसल एवं उर्वरक प्रबंधन कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकेंगे। अतिथियों एवं एफपीसी सदस्यों द्वारा किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने एवं नियमित रूप से मिट्टी परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया गया।



## ट्रक ने चलती बाइक से गिरी महिला को कुचला, मौत

**जीरापुर।** नगर से माचलपुर की जाने वाले सड़क पर धतुरिया गांव के समीप चिलावद जोड़ के पास एक महिला चलती बाइक से असंतुलित होकर नीचे गिर गई। इतने में सामने से आ रहा ट्रक की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी अनुसार मृतक महिला दुर्गाबाई 45 वर्ष सोयत थाना क्षेत्र के डोंगरगांव की रहने वाली थीं, जो अपने पति शंकर लाल बगारी के साथ अपने बेटे के रिश्ते के लिए पीलवास में लड़की देखकर डोंगरगांव जा रहे थे। बाइक पर मृतक महिला का पति और बेटा भी था जो इस हादसे में सुरक्षित बचें।महिला धतूरिया गांव चिलावद जोड़ के पास बाइक से अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गई और उसी समय सामने से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक महिला को रौंदता हुआ निकल गया और महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई!हादसे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया और कानूनी कार्रवाई की जा रही।

## एडवांस्ड किड्स एकेडमी के सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा अव्वल

### विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर(सं.)

एडवांस्ड किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणामें में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं के वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों का बेहतरीन परिणाम सफलता का नया इतिहास बना।विधार्थियों की उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा , अनुशासित वातावरण , शिक्षकों का शैक्षणिक कार्य उत्कृष्ट रहा।इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थी तरुण पाटीदार ने वाणिज्य संकाय में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विज्ञान संकाय में उद्देश लववंशी ने 88.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इसके अतिरिक्त अथर्व नागर 87.4 प्रतिशत, खुशबू जैन 85.6 प्रतिशत, कार्तिक गुप्ता 84.6 प्रतिशत, कन्हैयालाल दांगी 82.2 प्रतिशत, अक्षत बजाज 81 प्रतिशत, प्रवीण पाटीदार 80.8 प्रतिशत तथा श्रद्धा बरैठा 80.4 प्रतिशत ने भी श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की लगातार शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में अव्वल स्थान प्राप्त होने पर संस्था संचालक गिरीराज गुप्ता, प्राचार्य ई. के. जोशी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दीं।




## खेत में पेड़ से लटका मिला किसान का शव, पुलिस जांच में जुटी

**सारंगपुर।** लीमाचैहान थाना क्षेत्र के ग्राम धामंदा में बुधवार शाम को एक व्यक्ति का शव खेत में पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सिद्धूलाल पिता मांगीलाल 58 वर्ष निवासी धामंदा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होने पर लीमाचैहान पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा गया। जहां चिकित्सकों द्वारा पीएम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक खेत की ओर गया था, जिसके बाद उसका शव पेड़ से लटका मिला। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। वहीं घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल बना हुआ है।

## मंडी परिसर में 1.45 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

### राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने दिए गुणवत्ता के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीयकृषि उपज मंडी परिसर में लगभग 1 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का गुरुवार को राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने भूमिपूजन किया। इनमें ट्रॉली शेड, डामरीकरण, पानी की टंकी, सीसी रोड एवं विद्युतीकरण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने मंडी परिसर में व्यापारियों और किसानों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की। विशेष बात यह रही कि मंत्री कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक टू.व्हीलर से पहुंचे। उन्होंने इसे ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मंडी सेकंडरी राजेश खरे सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, व्यापारी एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शत प्रतिशत जनगणना कार्य पूर्ण करने पर सुपरवाइजर प्रगणकों को किया सम्मानित

### 20 प्रगणक एवं पांच सुपरवाइजर को पुष्पहार पहनाए



**जीरापुर।** नगरीय निकाय अंतर्गत जनगणना कार्य 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य को 15 मई से पूर्व शत प्रतिशत करने वाले सुपरवाइजर और प्रगणकों को सम्मानित किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने कहा कि सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए काम को समय से पहले करके सराहनीय कार्य किया है। जिला जनगणना प्रभारी दिलीप कुमार साहू , शीतल कोसरवाल द्वारा फील्ड ट्रेनर प्रणव खुजनेरी , रईस मंसूरी की उपस्थिति में नगर परिषद सभागार में सम्मानित किया गया। सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को नजरी नक्शा बनाने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई एवं शेष ब्लॉक में भी शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा 15 मई से पूर्व मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश क्रम में शहरी क्षेत्र जीरापुर के 29 ब्लॉक में से 20 ब्लॉक में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर 20 प्रगणक एवं पांच सुपरवाइजर को पुष्पहार पहनाकर , प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किये गए।

## प्रशासनिक अधिकारियों की आपसी साठ-गांठ से रात में चल रही बोरवेल मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा



भीषण गर्मी में जल संकट को देखते हुए जिले में कलेक्टर द्वारा भले ही बोरवेल मषीनों पर प्रतिबंध लगा दिया हो, लेकिन मषीनों के एजेंट स्थानीय अधिकारियों की आपसी साठ-गांठ कर रात के अंधेरे में बोर लगाने में लगे हुए है। जल स्तर दिनों दिन नीचे चला जा रहा है, जिसके चलते नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में हेंडपंप और ट्यूबवेल दम तोड चुके है। ऐसे में लोगों को पीने के पानी के लिए परेषानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। गुरूवार को एक ऐसा ही मामला बोडा नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में देखने में आया है कि जहा पर सरकार के सभी नियमों को ठेंगा दिखाते हुए बेखोफ तरीके बोरवेल खनन किया जा गया। क्षेत्र वासियों ने बताया कि यह सब साठगाठ से चल रहा। बोरवेल पर अभी तक कोई प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जा रही। जिले में कलेक्टर के आदेश अनुसार बोरवेल खनन पर रोक लगाई गई है, उस आदेश की कहीं पर भी कोई कार्रवाई न होते हुए नजर आ रही। बोडा नगर में प्रतिदिन नगर की सड़कों पर और आसपास बोरिंग बोरवेल खनन होता हुआ नजर आ रहा है।

## अस्पताल की बदहाली के खिलाफ कियर कांग्रेस ने शंखनाद, जनसमस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बोड़ा।** शासकीय अस्पताल की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस' के नेतृत्व में विरोध प्रदर्षन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। यह प्रदर्षन कांगे्रस जिलाध्यक्ष प्रियव्रतसिंह के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें मांगे रखी गई कि अस्पताल में दवाईयों की उपलब्धता हो, मरीजों को बाहर से दवा न लेनी पड़े, एम्बुलेंस सेवा और डॉक्टरों की कमी दूर हो, अस्पताल परिसर में गंदगी का साम्राज्य खत्म होना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक धूलसिंह यादव, संगठन महासचिव राधेश्याम सोमतीया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंदसिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष 'लखन रूहेला, नगर अध्यक्ष अशोक यादव, राजेश रातलिया, गुलाबसिंह यादव, प्रदीप जैन, श्याम बंसल, हीरालाल यादव, पार्षद तेजसिंह यादव सहित सभी वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शांतिकुंज हरिद्वार की गतिविधियों के बारे में दी जानकारी

# गायत्री शक्तिपीठ पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर (सं.)

परमपूज्य गुरुदेव की जन्म शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत आवास कालोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें उप जोन प्रभारी मोहन सिंह सिसोदिया द्वारा संगोष्ठी का आयोजन कर परम पूज्य गुरुदेव वंदना एवं माताजी के आशीर्वचनों से अवगत कराया तथा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी।

गोष्ठी में जिला समन्वयक डॉक्टर ओ.पी पवांर ने बताया कि गायत्री परिवार का संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, गायत्री परिवार परम पूज्य गुरुदेव के बताए मार्ग पर व्यक्ति को धर्म की ओर जोड़ना है, वरिष्ठ पूर्व जोन प्रभारी एनपी शर्मा, युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक किशोर जानोरिया , परिवाजक रामनिवास मीणा द्वारा देव पूजन के साथ गोष्ठी प्रारंभ कि गई। गोष्ठी में गायत्री परिवार के व्यवस्थापक सूरजमल भावसार , ट्रस्टी गण तहसील समन्वयक डॉ आरबी गुप्ता , बापू लाल दांगी , दिनेश जमींदार , बलराम टांक ,महिला मण्डल ट्रस्टी ज्योत्सना दांगी , उर्मिला गुप्ता , सुमित्रा गुप्ता , देवबाला खुजनेरी निरंजन कुशवाह , विष्णु पवांर , मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी , विजय कौशिक महिला मंडल की बहने उपस्थिति रही और विभिन्न शाखों से हमारे परिजन रमेश चंद शर्मा माचलपुर , पिपलिया कुलमी , भण्ड़ावद पूरी युवा प्रकोष्ठ की टीम युवा प्रकोष्ठ मोहन सोनगिरा , रामगढ़ शक्तिपीठ राधे श्याम दांगी , कैलाश वर्मा , घनश्याम भिलाला आदि अनेक परिजनों द्वारा गोष्ठी में भाग लेते हुए गुरुदेव के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलना नियमित साधना करना सामूहिक साधना करना आदि संकल्प लिया जाकर जल संरक्षण जल संवर्धन शिक्षा स्वास्थ्य हरित अमृत अभियान के अंतर्गत पौधारोपण आदि के बारे में संकल्प लिया गया।



इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी से जोन प्रभारी समन्वय समिति सदस्यों ने भेंटकर विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया तथा मोहनलाल राठौर ने रामगढ़ एवं माचलपुर में शक्तिपीठ बनाने हेतु निवेदन किया जिस पर विधायक ने कहा कि जो आवश्यक है वह सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## मंत्री टेटवाल बस से सफर कर पचोर पहुंच मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**सारंगपुर।** राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और ईंधन बचत का संदेश देते हुए सारंगपुर से पचोर तक बस से यात्रा की। उन्होंने हाल ही में पेट्रोल पंप हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मंत्री ने हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उन्होंने पचोर नगर में नागरिकों से जनसंपर्क कर विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की। इसके बाद डॉ. टेटवाल पुनः बस से सारंगपुर लौटे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन अपनाकर ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### समरसता प्रमुख शर्मा का किया स्वागत



**कांटाफोड़।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के इंदौर विभाग समरसता प्रमुख तन्नू शर्मा के कांटाफोड़ नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उनके आगमन की सूचना मिलते ही नगर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कांटाफोड़ बस स्टैंड पर एकत्रित हो गए और स्वागत की तैयारियों में जुट गए। नगर में प्रवेश करते ही तन्नू शर्मा का ढोल-धमाकों, पुष्प वर्षा और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। बस स्टैंड पर पहुंचे तन्नू शर्मा का फूल-मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। इस अवसर पर तन्नू शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के पश्चात तन्नू शर्मा इंदौर के लिए रवाना हुए। उनके स्वागत कार्यक्रम में सोनू सिंगनाथ, योगेश बड़ गुर्जर, अनिल मौर्य, सुजॉय मंडल, मोजीराम यादव, अरविंद राजपूत, सूर्या जामुनिया, रवि मोरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शव दाह सेवा गृह 1 वर्ष के लिए निःशुल्क


**देवास।** शहर के मुख्य मुक्तिधाम पर नगर निगम द्वारा संचालित गैस शव दाह सेवा गृह 1 वर्ष के लिए निःशुल्क किए जाने का प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल से स्वीकृति हेतु महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल को ई—फाईल के माध्यम से भेजा गया। महापौर ने प्रकरण को एमआईसी की पृष्टि की प्रत्याशा में ई—फाईल के माध्यम से दी स्वीकृति। उल्लेखनिय है कि शासन निर्देशानुसार आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा कार्यालयीन कार्य ई—फाईल के माध्यम से संपादित कराए जा रहे हैं। महापौर कार्यालय में जाने वाले प्रकरण महापौर के द्वारा ई—फाईल के माध्यम से किए जा रहे है। अग्रवाल ने गैस संचालित शव दाह सेवा गृह को आमजन को आर्थिक राहत मिले इस हेतु गैस शव दाह सेवा का उपयोग 1 वर्ष के लिए निःशुल्क करने हेतु गत सप्ताह प्रस्ताव दिए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन मे महापौर ने स्वीकृति प्रदान की। महापौर ने बताया कि इस गैस शव दाह सेवा गृह को निःशुल्क करने से अर्थिक राहत के साथ पर्यावरण मे लकडी एवं कण्डे से होने वाले वायु प्रदुषण मे कमी आएगी तथा लोगों पर आर्थिक भार भी कम होगा तथा आधुनिक एवं त्वरित स्वच्छ प्रणाली को बढावा मिलेगा एवं पर्यावरण संरक्षण मे जन जागरूकता मे वृद्धि होगी। गैस शव दाह सेवा को निःशुल्क करने से जो व्यय होगा उसे निगम वहन करेगी।

### सर्वधर्म सदभाव के साथ अध्यक्ष प्रतिनिधि ने वार्डों में लगाई जन-चौपाल

# नागरिकों से वार्ड की समस्याओं पर चर्चा में जल्द समाधान करने दिया आश्वासन

शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए सर्वधर्म समभाव की अपनाई नीति। समस्याओं को सुन कर हल करने दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में विकास की नई इबारत लिख रही भाजपा की नगर सरकार दलगत राजनीति और भेदभाव से ऊपर उठकर कार्य कर रही है। नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए सर्वधर्म समभाव की नीति अपनाई जा रही है। जहां एक ओर मंदिरों के कायाकल्प पर जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में भी मूलभूत समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

### चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

वार्ड क्रमांक 6 लंगापुरा के निवासियों ने नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को क्षेत्र के प्राचीन श्री राधा-कृष्ण मंदिर की जर्जर हालत से अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्री मेवाड़ा तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और वर्षों पुराने मंदिर परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात मंदिर परिसर में ही एक जन-चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय रहवासियों ने मंदिर की मरम्मत के साथ-साथ वार्ड की अन्य समस्याओं को साझा किया। श्री मेवाड़ा ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और मौके से ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया।



### बुनियादी सुविधाओं पर जोर

विकास की यह बयार केवल लंगापुरा तक सीमित नहीं रही। श्री मेवाड़ा ने रेतीघाट रोड का भी दौरा किया, जहां मुस्लिम धर्मावलंबियों ने उन्हें सड़क, नाली, पाइपलाइन और विद्युत पोल जैसी आवश्यक समस्याओं से रूबरू कराया। रहवासियों की समस्याओं को सुनने के बाद नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने तत्काल दूरभाष पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा की और काम शुरू करने के निर्देश दिए।

### ताजपुरा में जल संकट का समाधान

जन-चौपाल के दौरान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि के सामने ताजपुरा रोड के रहवासियों ने पानी की किल्लत और प्रकाश व्यवस्था की मांग रखी। इस पर संज्ञान लेते हुए श्री मेवाड़ा ने वहां नया नलकूप खनन करवाने तथा पेयजल संग्रहण के लिए सीमेंट-कांक्रीट की व्यवस्थित टंकी का शीघ्र निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

### विकास ही हमारा एकमात्र लक्ष्य

इस अवसर पर रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि नगर सरकार का उद्देश्य हर वर्ग और हर क्षेत्र का समान विकास करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे धार्मिक स्थलों को संवारना हो या मोहल्लों की गलियां सुधारना, प्राथमिकता केवल जनसेवा है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मेहमूद अंसारी, पूर्व पार्षद शबाना अंसारी, राकेश बागवान, धर्मेन्द्र बागवान, पूरणसिंह मेवाड़ा सहित अन्य रहवासीगण मौजूद थे।

# संयुक्त संचालक उद्यान ने फसलों और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का किया निरीक्षण

### उन्नत किसानों से की चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

संयुक्त संचालक उद्यान जयमाला सिंह द्वारा विकासखंड आष्टा अंतर्गत कोठरी के उन्नत किसान प्रमोद कासनियां के यहां अमरूद और तरबूज फसल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फसल की गुणवत्ता, उत्पादन और आधुनिक खेती तकनीकों की जानकारी लेते हुए किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

**किसान की फसल तैयारियों की अधिकारियों ने की सराहना**

उन्नत किसान प्रमोद कासनियां द्वारा आधुनिक खेती तकनीकों का उपयोग कर क्षेत्र में अमरूद एवं तरबूज की उत्कृष्ट फसल तैयार की गई है, जिसकी अधिकारियों ने सराहना की। उनकी मेहनत और नवाचारपूर्ण खेती अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही है। अधिकारियों के अचानक खेत पहुंचने पर किसान प्रमोद कासनियां ने आत्मीयता के साथ उन्हें अपने खेत के ताजे तरबूज उपहार स्वरूप भेंट किए।

इसके पश्चात अमलाहा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) अंतर्गत संचालित इकाइयों का निरीक्षण किया गया। यहां रामचन्द्र सोनी के दाल यूनिट एवं मनीषा माहेश्वरी के पापड़ यूनिट का अवलोकन कर उत्पादन कार्य, स्वच्छता एवं योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी सीहोर सुनील रघुवंशी एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी विकासखंड आष्टा संजय सिंह भी उपस्थित रहे।

# टोंककला पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट: तीन मजदूरों की मौत, 25 घायल, शवों के टुकड़े 25 फीट दूर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर से 20 किमी दूर एबी रोड़ स्थित टोंककलां ग्रामीण क्षेत्र में पटाखा फेक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ, धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दीं। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गईं। गुरुवार सुबह 11 बजे लगभग हुए हादसे में 25 लोग घायल हुए। जिन्हें जिला नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। गंभीर घायलों को इंदौर के चौईथराम अस्पताल में रेफर किया गया। वहीं सामान्य घायलों को जिला अस्पताल देवास और अमलतास अस्पताल में भर्ती किया गया।

मृतकों में धीरज पिता बग्गी राम पासवान उम्र 40 साल निवासी भवानीपुर थाना पुल्खा जिला अररिया (बिहार), सनी निवासी लखनऊ और सुमित निवासी गोखलपुर जिला अररिया बिहार शामिल है। घायलों के नाम अमित, रोशन, राम, अजय,अमित ऋषि,मंजिता, राहुल,गुड्डु, गोलू, निरंजन, विशाल है। वहीं सामान्य घायलों में कृष्ण कुमार, नासिर, मोहन कुमार, संतोष, निकी कुमार, गोविंद, रसल, निजाम, सफर, ललित, कैलाश और शक्ति शामिल हैं। अधिकांश मजदूर उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले हैं। विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ में विस्फोट के बाद हुए हादसे में फैक्ट्री का शेड भी उड़ गया। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया। वहीं, पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी कलेक्टर ने मोर्चा संभाला। उज्जैन कमिश्नर और आईजी भी घटना स्थल पहुंचे और घटना स्थल निरीक्षण कर घायलों से मुलाकात की। घटना में मृतकों के परिवारों सीएम यादव के निर्देश पर चार चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी गई है।

### एसीएस शुक्ल ने लिया स्थिति का जायजा

वहीं सीएम मोहन यादव के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ल भी घटना स्थल पहुंचे और सम्बन्धित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए उन्होंने बताया कि जांच एजेंसियों की रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीएस शुक्ल ने बताया कि एफएसएल कैमेस्ट्री और फिजिक्स की टीम, औद्योगिक सुरक्षा की टीम और पेट्रोलियम एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन साथ मिलकर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। हादसे के बाद सोशल मीडिया पर क्षेत्रीय बीजेपी सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी और फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सांसद सोलंकी ने स्पष्ट किया कि भाजपा की सरकार है दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अस्पताल में भर्ती घायलों मिलने पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी पहुंचे और उन्होंने इस घटना पर भाजपा और प्रशासन को जमकर घेरा। पूर्व मंत्री वर्मा ने कहा कि निरपराध और अबोध लोग मारे गए है यहां के लोग बता रहे है कि बीजेपी के रसूखदार नेता की फैक्ट्री हैं अधूरे निर्माण में ही फैक्ट्री में पटाखे बनाने का लायसेंस दे दिया गया। हादसे से दो किलोमीटर दूर ही फैक्ट्री मालिक के भांजे ने वेयरहाउस को पटाखों का गोदाम बना दिया है। ये सरकारी सब्सिडी लेकर बना हुआ गोदाम हैं 5 साल तक अनुबंध होता है गेहूं भरने का किसानों से खरीदा गेहूं रखा जाता है अन्याय देख लीजिए पटाखे बारूद भरा हुआ है जो दोषी है उनको फांसी पर लटकाने की कार्रवाई होना चाहिए। वहीं पटवारी ने यह सरकार अब बारूद माफिया की सरकार है, हरदा पेटलावद के हादसों के बाद अब देवास में भी हादसा हुआ। जवाबदारों को तुरंत हटाना चाहिए। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया।

# स्कार्पियों में ब्लैक फिल्म व हूटर लगाना पड़ा भारी, पुलिस ने लगाया जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना द्वारा यातायात नियमो का अनुपालन कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं दामोदर गुप्ता एसडीओपी आष्टा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जावर हेमंत पाण्डेय के नेतृत्व में थाना जावर पुलिस द्वारा स्कॉर्पियो वाहन चालक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर विभिन्न धाराओ में कुल 3500 रूपये समन शुल्क लिया गया। 15 मई को जावर जोड़ के पास एक काली कलर की स्कार्पियो जिस पर हूटर व ब्लैक फिल्म लगे थे। जिसको पुलिस द्वारा जावर जोड़ पर रुकवाया गया। स्कार्पियो का चालक राहुल पिता सूरज सिंह सेंधव निवासी कजलास को गाडी सहित थाने पर लाया गया। चालक राहुल सिंह सेंधव को यातायात के नियम से वाहन मे हूटर सायरन का उपयोग करना, 1वाहन मे पारदर्शी सुरक्षा शीशा न होना आदि शीर्षों में कुल चालानी राशि 3500 रशमन शुल्क लिया गया।

### मंत्रोच्चारण के साथ हुई शनिदेव की प्राण-प्रतिष्ठा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# मीठे शब्द व्यक्ति के संस्कार, व्यक्तित्व की पहचान: गोविंद जाने





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम नयापुरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक संत गोविंद जाने ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शब्द अत्यंत शक्तिशाली होते हैं, इसलिए हमेशा संयम और समझदारी से बोलना चाहिए।

मीठे और सोच-समझकर बोले गए शब्द ही व्यक्ति के संस्कार और व्यक्तित्व की सच्ची पहचान होते हैं। उन्होंने कहा कि भाषा भले ही एक हो, लेकिन प्रत्येक व्यक्ति की सोच, अनुभव और दृष्टिकोण अलग होता है। इसलिए शब्दों का चयन सदैव सकारात्मक होना चाहिए। संत गोविंद जाने ने आगे कहा कि इच्छा शक्ति सबसे बड़ी शक्ति है और इसका उपयोग भगवान की भक्ति में करना चाहिए।

यदि मनुष्य अपनी इच्छा शक्ति को भक्ति में लगा दे तो भगवान स्वयं भक्त का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कथा के दौरान नानीबाई मायरा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर बाबूलाल राणा परिवार द्वारा मायरा रस्म निभाई गई। आरती राधेश्याम कंठाली, अरुण खेरिया, राजेश खेरिया, निलेश कंठाली एवं बाबूलाल मुजाल्दे द्वारा की गई।

इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। गुरुवार शाम यज्ञशाला में आरती के दौरान मंदिर से संबंधित विभिन्न बोलियां लगाई गईं, जिनमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नव निर्मित श्री शनि नवग्रह मंदिर में प्रमुख बोलियों में मंदिर शिखर पर कलश चढ़ाने की बोली दुलीचंद रामाजी सोलिया ने 1 लाख 31 हजार 101 रुपए में प्राप्त की। वहीं प्रथम पट खोलने की बोली भेरूलाल पाटीदार ने 61 हजार 101 रुपए में ली। इसी प्रकार प्रथम आरती, तेल चढ़ाने, ध्वजा चढ़ाने, 56 भोग, प्रथम दर्शन एवं श्रृंगार सहित अन्य धार्मिक बोलियां भी श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभाव से ली गईं।

इस दौरान यज्ञाचार्य संजय शर्मा एवं अन्य पंडितों द्वारा विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ शनिदेव सहित नवग्रह मंदिर की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। मंदिर परिसर को दीपों से सजाया गया। रात्रि में भजन गायक संदीप वैष्णव ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राहुल पाटीदार ने किया।

# फिर हुआ दर्दनाक हादसा, सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बनीं मौत का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतवास



नगर के डाबरी गेट स्थित गिरिराज वेयरहाउस के पास लगातार हो रहे सड़क हादसों ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में कांटाफोड़ निवासी पुरुषोत्तम उर्फ पप्पू वर्मा की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक के साथ आक्रोश का माहौल भी बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गेहूं तुलाई के चलते वेयरहाउस के बाहर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क किनारे खड़ी रहती हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क संकरी हो जाती है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बताया जा रहा है कि देर रात कांटाफोड़ की ओर से तेज गति से आ रही एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में वाहन सवार तीन लोगों में से पुरुषोत्तम उर्फ पप्पू वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गिरिराज वेयरहाउस के आसपास यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक पार्किंग व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गेहूं खरीदी और तुलाई के दौरान सड़क पर लंबी कतार में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगातार हादसों को न्योता दे रही हैं।